## खबर संक्षेप

### पंच महाभूत पूजन एवं जल संरक्षण रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शहडोल।** जिले के विकासखंड ब्योहारी अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 1 आखेटपुर के ग्राम पपरेडी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा पंच महाभूतों के संरक्षण एवं जल बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंच तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश का विधिवत पूजन कर प्रकृति के प्रति आस्था व्यक्त की गई तथा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इसके उपरांत ग्राम में जल संरक्षण विषयक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को जल के महत्व, वर्षा जल संचयन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। रैली के माध्यम से जल है तो कल है का संदेश देते हुए लोगों को जल के समुचित उपयोग एवं संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं, समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जल संरक्षण को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जल संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा।

### धनपुरी नगर पालिका में नाले की हुई साफ-सफाई



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कुएं, बावड़ियों, तालाबों सहित अन्य जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित झिरिया शिव शंकर मंदिर परिसर के समीप नाले की साफ-सफाई का कार्य नगरपालिका के मैदानी कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। इस कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा तथा वर्षा के दौरान जल भराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि हो और आमजन को जल संकट से राहत मिल सके।

### पर्यावरण संरक्षण वैकल्पिक नहीं, अस्तित्व से जुड़ा दायित्व

**शहडोल।** शहडोल स्थित शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन लाइफ के तहत जागरूकता अभियान, लघु कार्यशाला, परियोजना प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही दो दिवसीय सतत जीवन शैली कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं को पर्यावरण अनुकूल जीवन जीने के व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण कोई वैकल्पिक विषय नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व से जुड़ा दायित्व है का संदेश प्रमुखता से दिया गया। छात्राओं को बताया गया कि यदि हम पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाएं, तो हमारी पृथ्वी और जीवन दोनों सुरक्षित रह सकते हैं। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को कपड़े एवं जूट से उपयोगी सामग्री जैसे बैग आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मिट्टी के बर्तनों पर सजावट कर उन्हें आकर्षक एवं उपयोगी बनाने की गतिविधियां भी कराई गईं। छात्राओं को जूट के बैग, डायरी, पेन, फाइल एवं अन्य सामग्री भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सतत विकास के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

### 3 की हालत नाजुक, निजी अस्पताल में सेटिंग की कोशिश

# माइनिंग की दबिश से मची भगदड़ में 8 मजदूर लहूलुहान

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय की नाक के नीचे बह रही सोन और उसकी सहायक नदियों का सीना छलनी कर रहे रेत माफियाओं के लालच ने एक बार फिर बेगुनाह गरीबों के खून से होली खेली है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी में अवैध उत्खनन के दौरान माइनिंग टीम की आहट मिलते ही माफिया के गुर्गों में ऐसी भगदड़ मची कि रेत से लदा ट्रैक्टर काल बनकर मजदूरों पर ही पलट गया। इस भीषण हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि शहडोल में कानून का नहीं, बल्कि रेत राज का सिक्का चलता है।

#### चीख-पुकार और खून से सनी रेत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बिजौरी स्थित नदी के घाटों पर शनिवार को भी हमेशा की तरह मौत का व्यापार जारी था। दर्जनों मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टरों में अवैध रेत लोड कर रहे थे। इसी बीच अचानक खबर फैली कि माइनिंग टीम कार्रवाई के लिए आ रही है। पकड़े जाने के डर और ट्रैक्टर ज़ब्त होने के खौफ में ड्राइवर ने रेत से लदे वाहन को ऐसी अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ाया कि वह अपना संतुलन खो बैठा। अगले ही पल, वह लोहे का भारी-भरकम ढांचा और टन भर रेत मजदूरों के ऊपर आ गिरी। घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई। अमन, दैय्या, रनिया और बुदनी जैसे मजदूर मलबे के नीचे दब गए। यह हादसा महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही और माफिया के दुस्साहस का सीधा परिणाम है।



#### सरकारी अस्पताल से तौबा

हादसे के बाद रेत माफिया की संवेदनहीनता और पुलिस से बचने की चालाकी साफ दिखाई दी। कायदे से घायलों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाना चाहिए था, लेकिन कानूनी पचड़ों और पुलिस की एफआईआर से बचने के लिए माफिया ने आनन-फानन में सभी घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। सूत्रों का कहना है कि निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती करना माफिया की एक सोची-समझी रणनीति है ताकि मामले को गुपचुप तरीके से मैनेज किया जा सके और पुलिस डायरी में घटना की तीव्रता को कम दिखाया जा सके। डॉक्टरों के अनुसार गणेश समेत तीन मजदूरों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है और वे वेंटिलेटर के करीब हैं।

#### साहबों के बंगले के पास चलता है काला कारोबार

हैरानी और शर्म की बात यह है कि जहां संभाग के सबसे बड़े पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आलीशान बंगले और दफ्तर हैं, वहां से चंद कदमों की दूरी पर यह खूनी खेल साल के बारहों महीने, चौबीसों घंटे चलता है। जिले में रेत का ठेका न होना अब माफिया के लिए लूट की खुली छूट बन गया है। जब ठेका नहीं है, तो रॉयल्टी नहीं कटती और जब रॉयल्टी नहीं कटती, तो पूरा पैसा सीधे माफिया और उनके खाकी-खादी वाले संरक्षकों की जेब में जाता है।

#### कुचल दिए गए कर्मचारी मगर तंत्र अब भी मौन!

शहडोल का इतिहास रेत माफिया के दुस्साहस और खून से सना हुआ है। यह वही जिला है जहां एक पटवारी को सरेआम ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया गया। ड्यूटी पर तैनात एएसआई को माफिया ने अपनी गाड़ी के नीचे रौंद दिया। तहसीलदार, फॉरेस्ट और माइनिंग की टीमों पर दर्जनों बार जानलेवा हमले हुए। इतने बड़े बलिदानों और हमलों के बाद भी अगर प्रशासन की नींद नहीं टूट रही है, तो सवाल उठना लाज़मी है कि आखिर इन रेत चोरों का अदृश्य आका कौन है? क्या माइनिंग विभाग और स्थानीय पुलिस किसी और बड़ी बलि का इंतज़ार कर रहे हैं। बिजौरी का यह हादसा महज एक खबर नहीं, बल्कि शहडोल प्रशासन के गाल पर तमाचा है। जब तक ऊपर तक पहुंचने वाले नोटों के बंडल बंद नहीं होंगे और जब तक माफिया के रसूखदार पिंजरों को तोड़ा नहीं जाएगा, तब तक शहडोल की नदियां गरीबों के खून से लाल होती रहेंगी।

## मुक्तिबोध को जानने के लिए सिर्फ मुक्तिबोध पर्याप्त नहीं: ऋषि कुमार

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय में व्याख्यान एवं काव्यपाठ आयोजित

**शहडोल।** मुक्तिबोध सृजन पीठ भोपाल एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद विश्वविद्यालय इकाई एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मुक्तिबोध की सृजनात्मक राहें विषय पर व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन 19 मार्च को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, अनूपपुर में आयोजित किया गया। आयोजन में मुक्तिबोध सृजन पीठ भोपाल के निदेशक एवं सारस्वत अतिथि ऋषि कुमार मिश्रा एवं अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो रेनू सिंह प्रो मनीषा शर्मा, डॉ नीरज श्रीवास्तव एवं विषय प्रवर्तन डॉ राकेश सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। प्रथम सत्र में डॉ उदय प्रताप ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। मुक्तिबोध सृजन पीठ के निदेशक ऋषि कुमार मिश्रा ने उपस्थित साहित्यकारों एवं शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश संस्कृत परिषद



के अंतर्गत मुक्तिबोध सृजन पीठ की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य संस्कृति के संरक्षण एवं विकास है। गजानन माधव मुक्तिबोध को जानने के लिए सिर्फ मुक्तिबोध पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी धारा में उतरने वाले कवियों का अध्ययन भी आवश्यक है। गजानंद माधव मुक्तिबोध तार सप्तक के कवि थे। कविता लिखने के लिए वैचारिकता को जानना जरूरी है। किताब पढन्ना जरूरी है बल्कि लगातार किताबों को पढ़ते रहिए जिससे जब कोई आपसे किसी किताब की चर्चा करें तो आप यह कह सके कि इस पुस्तक को मैंने पढ़ा है। प्रथम सत्र को राकेश सोनी, प्रो रेनू सिंह, प्रो मनीषा शर्मा एवं डॉ नीरज श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया और गजानन माधव मुक्तिबोध के साहित्यिक जीवन एवं काव्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर से आए कवियों ने विषय परक रचनाएं प्रस्तुत की। रचना प्रस्तुत करने वाले कवियों में शहडोल से सुखनिधान मिश्रा, रजनीश सोनी, बृजमोहन सराफ बशर, सीएल मिश्रा, नत्थू लाल गुप्ता एवं शिरीष नंदन श्रीवास्तव, उमरिया से अनिल कुमार मिश्रा, शरद जायसवाल रामलखन सिंह, योगेश पांडे, शिवानंद पटेल, राजकुमार महोबिया, शिवांश सिंह सेंगर, भूपेंद्र त्रिपाठी एवं राकेश उरमलिया, अनूपपुर से पवन छिब्बर, जेके संत, आकांक्षा शुक्ला, ओम दत्त ओरके, अभिषेक श्रीवास्तव, अतुल प्रजापति, नीरज श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र नामदेव, रवि शंकर तिवारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के शोधार्थी, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## स्थगन के बाद भी तालाब की मेढ़ को काटकर चल रहा अवैध भवन निर्माण

### तहसीलदार के निर्देश के बाद भी बिना मटेरियल जप्त किये, बैरंग लौट गये परिषद के कर्मचारी

शहडोल।

एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार अवैध कालोनियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर ब्योहारी मे नगर परिषद द्वारा शह देकर अवैध निर्माण कराया जा रहा है, शायद यह कहना गलत नहीं होगा। क्योंकि नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे मेन रोड मे फुल्हन तालाब की मेढ़ को खोदकर बिना किसी मंजूरी के दबंगई के साथ श्रीप्रकाश गुप्ता द्वारा अवैध रूप से माकान का निर्माण कराया जा रहा है। तालाब में हो रहे अवैध निर्माण पर संज्ञान लेकर न्यायालय तहसीलदार तहसील कार्यालय ब्योहारी द्वारा निर्माण कार्य मे तत्काल रोंक लगाते हुए स्थगन आदेश जारी किया गया। जिसकी एक प्रति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी को भेज अवैध निर्माण पर रोक लगाने एवं समाग्री जप्त करने का लेख किया गया किन्तु नगर परिषद का जिम्मेदार अमला उधर झांकने तक नहीं गया।

#### स्थगन होने के बाद भी चालू था निर्माण कार्य

ताज्जुब की बात यह है कि उक्त ब्यक्ति द्वारा स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य को बंद नहीं किया गया, बल्कि दबंगई के साथ मकान का निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर तहसीलदार और हल्का पटवारी ब्योहारी मौके पर पहुंचकर कार्य को बंद कराया और निर्माण समाग्री जप्त करने हेतु नगर परिषद अमले को बुलाया गया, किन्तु उनके द्वारा सामाग्री जप्त नहीं की गयी, बल्कि खाली हाथ नगर परिषद का अमला वहां से बैरंग लौट आया।



#### क्यों नहीं जप्त की गयी समाग्री

सबसे बड़ा सवाल यह है कि समाग्री जप्ती की कार्यवाही के दौरान श्रीप्रकाश ने नगर परिषद के अमले से फोन मे किसकी बात करायी, जिसके बाद नगर परिषद का अमला बिना समाग्री जप्त किये, वहां से लौट गया। लोगों का कहना है जिसके हाथ मे अवैध निर्माण को रोकने का जिम्मा है, जब वही लोग कार्यवाही करने की बजाय अतिक्रमणकारी को ही संरक्षण देने लगें तो नगरीय क्षेत्र मे हो रहे अवैध निर्माण मे फिर रोक कैसे लगेगी।

#### इनका कहना है....

जानकारी मिलने पर मैं हल्का पटवारी के साथ मौके मे जाकर काम को बंद करा दिया हूं और संबंधित को बिना लीगल परमीशन के निर्माण कार्य बिलकुल नहीं करने की हिदायत दी गई है। मामले में आगे की कार्यवाही चल रही है।

**राजकुमार रावत**
**तहसीलदार, ब्योहारी**

## श्रीरामराज्य प्रतिष्ठा महायज्ञ व श्रीराम कथा का शुभारंभ, 28 मार्च को होगा विशाल भंडारा





जयसिंहनगर।

विकासखंड के ग्राम पतौर स्थित पावन धाम हनुमत सेवा सदन मवई धाम में धर्म, भक्ति और आध्यात्म का भव्य संगम देखने को मिल रहा है। यहां 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक श्रीरामराज्य प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस पावन अवसर पर अयोध्या धाम से पधारे सुप्रसिद्ध मानस पल्लव कथा व्यास अभयरामदास जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन श्रीराम कथा का अमृतमय प्रवचन किया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित है। वहीं प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीरामराज्य प्रतिष्ठा महायज्ञ की वैदिक विधियां संपन्न हो रही हैं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। 27 मार्च 2026, शुक्रवार को मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का विशेष कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का समापन 28 मार्च 2026, शनिवार को पूर्णाहुति हवन एवं भव्य विशाल भंडारे के साथ होगा। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराने की व्यवस्था की गई है।

आयोजन समिति समस्त भक्त मंडल मवई धाम श्री हनुमान जी महाराज, ग्राम पतौर ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन को सफल बनाएं तथा श्रीराम कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सातिका प्रसाद तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी (भाजपा मंडल करकी), पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय (भाजपा मंडल जयसिंहनगर) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रेलवे रनिंग स्टाफ के किलोमीटर अलाउंस में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी पर जश्न

शहडोल।



रेलवे कर्मचारियों के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक खुशखबरी सामने आई है। रनिंग स्टाफ के किलोमीटर अलाउंस में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी मिलने की खबर जैसे ही सामने आई, पूरे शहडोल जिले में रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई। ऑल इंडिया रेल्वेमेंस फेडरेशन के लगातार संघर्ष और प्रयासों का परिणाम अब सामने आया है। जानकारी के अनुसार, यह बढ़ोतरी 01 जनवरी 2024 से लागू मानी जाएगी, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक रूप से बड़ा लाभ मिलेगा।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्रालय से इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है और रेलवे बोर्ड द्वारा जल्द ही औपचारिक आदेश जारी किए जाने की संभावना है। इस खबर के बाद शहडोल के रेलवे कॉलोनियों और स्टेशनों पर कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं।

इस आंदोलन का नेतृत्व शिव गोपाल मिश्रा और मनोज बेहरा जैसे नेताओं ने किया, जिनकी मेहनत और लगातार प्रयासों से यह सफलता संभव हो सकी। स्थानीय स्तर पर यूनियन के पदाधिकारियों ने भी इसे ऐतिहासिक जीत बताया है। शहडोल में रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि यह फैसला लंबे समय से लंबित मांगों में से एक था, जो अब पूरी हो गई है। कर्मचारियों ने रद्धक्रस्न और यूनियन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनके संघर्ष और एकजुटता का परिणाम है। कुल मिलाकर, इस फैसले ने शहडोल जिले के रेलवे कर्मचारियों के बीच नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है, और आने वाले समय में इसका सकारात्मक असर उनके जीवन स्तर पर भी देखने को मिलेगा।

## जय झूलेलाल के जयकारों से गुंजायमान हुआ शहडोल, उमड़ा आस्था का सैलाब! भगवान झूलेलाल जी का 1076 वां जन्मोत्सव संपन्न

### विशाल शोभायात्रा में दिखी सिंधी संस्कृति की झलक

**शहडोल।** आयोलाल-झूलेलाल के गगनभेदी उद्घोष और भक्ति के असीम उत्साह के साथ शहडोल सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल जी का 1076 वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आठ दिनों तक चले इस भक्तिमय महोत्सव ने पूरे शहर को भक्ति के दरिया में सराबोर कर दिया।

**प्रभात फेरी से लेकर छप्पन भोग तक-** जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सप्ताह भर से विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी थी। इसमें कावड़ यात्रा, भव्य बहराणा साहब, प्रभात फेरी, सिंधी खाना खजाना प्रतियोगिता और सिंधी प्रश्नोत्तरी जैसे आयोजनों ने समाज के हर वर्ग को जोड़े रखा। एक शाम झूलण साईं जे नाले कार्यक्रम में कलाकारों ने भजनों की ऐसी अमृत वर्षा की कि श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।







**शाही अंदाज में निकली शोभायात्रा-** मुख्य महोत्सव के दिन सुबह विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। दोपहर में आरती, पल्लव अरदास और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शाम को पूज्य बहराणा साहब की भव्य शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ हुई। यह यात्रा बुढार चौक, गुरुनानक चौक और गांधी चौक होते हुए मोहन राम तालाब पहुंची, जहाँ विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

**प्रशासनिक अमले ने भी टेका मत्था -** आस्था के इस महापर्व में जिले के आला अधिकारियों ने भी शिरकत की। कलेक्टर केदार सिंह, एसपी रामजी श्रीवास्तव, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और राघवेंद्र चतुर्वेदी ने श्री झूलेलाल मंदिर पहुंचकर मत्था टेका और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों ने सिंधी समाज को इस पावन पर्व की बधाई देते हुए समाज की एकता की सराहना की।

**आभार की अभिव्यक्ति-** महोत्सव की सफलता पर श्री झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष चंदन बहरानी एवं पूज्य सिंधी समाज के अध्यक्ष गोविंद जेठानी ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति और जिला प्रशासन का हृदय से आभार माना, जिनके सहयोग से यह आठ दिवसीय अनुष्ठान निर्विघ्न और गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

## रमजान के आखिरी जुमा पर सामूहिक रोजा इफ्तार



राजनगर। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के वार्ड क्रमांक 6 मस्जिद में रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुमा (शुक्रवार) के अवसर पर राजनगर मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार का कार्यक्रम शाम 6:20 बजे शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार और क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। रमजान के आखिरी जुमा के कारण मस्जिद परिसर में विशेष रौनक थी। इस अवसर पर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का माहौल देखा गया। विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। जिसमें एकता और सद्भाव को संदेश प्रसारित हुआ। विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। रोजेदारो के लिए खजूर, फल, शरबत, और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। मस्जिद के मौलाना साहब ने इफ्तार की रस्म अदा कराई। और रोजेदारों को दुआओं के साथ रोजा खुलवाया। रमजान का यह महिना, सब्र, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है। आयोजन कि व्यवस्था सुव्यवस्थित थी, और सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह तथा उनके साथ पार्षद मनोज चंदेल, पार्षद समय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि अंबिकेश सोनी, तथा अन्य अतिथि इस कार्यक्रम में उपस्थित हुये। सभी एक साथ रोजा इफ्तार में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे सामाजिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्र कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य प्रारभ करने की सूचना देना अनिवार्य

उमरिया। श्रमपदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए निर्देश जारी किए हैं।भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। श्रम सेवा पोर्टल मोबाईल ऐप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण,कर्मचारियो की संख्या,स्थान (लोकेशन) सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिको के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते हैं। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम प्रावधानों अनुसार किसी भवन या अन्य संनिर्माण कार्य प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उस क्षेत्र में,जहां प्रस्तावित संनिर्माण कार्य किया जाना है,अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को स्थल,सुरक्षा उपाय सहित समस्त आवश्यक जानकारी साझा करना अनिवार्य है।

### उमरिया में अकीदत और उल्लास के साथ मनाई गई ईद

# फिजाओं में घुली प्रेम और भाईचारे की मिठास









## हिंदू-मुश्किल एकता मंच ने पेश की सामाजिक समरसता की मिसाल
## ईदगाह में गूंजी अमन-चैन की दुआएं

उमरिया।

महीने भर की इबादत, सब्र और रूहानी सफाई के मुकम्मल होने का महापर्व ईदुल-फितर जिले भर में अकीदत और बेहद खुशनुमा माहौल में मनाया गया। शनिवार की सुबह जब सूरज की सुनहरी किरणें ईदगाह की मीनारों से टकराईं, तो जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में चारों ओर खुशियां बिखरी नजर आईं। नए लिबास में सजे-धजे मासूम बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरों पर एक अलग ही चमक थी।

### तकबीर की गूंज और इबादत के झुके सर

जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह में सुबह ठीक 9:40 बजे नमाज़ की सफें (कतारें) सज गईं। जामा मस्जिद के पेश-इमाम मौलाना साकिर अली हलीमी साहब की इमामत में हजारों नमाजियों ने एक साथ बारगाहे-इलाही में सिर झुकाया। खुतबे के बाद जब इमाम साहब ने मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए हाथ उठाए, तो हर तरफ आमीन की सदाएं गूंज उठीं। नमाज के बाद जैसे ही दुआ मुकम्मल हुई, लोग एक-दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहने लगे। इस रूहानी मंजर ने दिलों की दूरियां मिटाकर मोहब्बत का पैगाम दिया।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

ईद की इस खुशी में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढक़र शिरकत की। पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को गले लगाकर मुबारकबाद दी। उनके साथ एडिशनल एसपी सीताराम सत्या, एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी सहित सीएमओ किशन सिंह ठाकुर व अन्य अधिकारी मुस्तैद रहे। राजनीतिक गलियारों से भी बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। त्रिभुवन प्रताप सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर सामाजिक सद्भाव के इस पर्व की गरिमा बढ़ाई। मुस्लिम समाज की ओर से जामा मस्जिद के सदर आज़ाद खान और इस्लामिया गौसिया मस्जिद के सदर इनायत सिद्दीकी ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जिलेवासियों को ईद की शुभकामनाएं दीं।

### हिंदू-मुस्लिम एकता मंच की अनूठी पहल

उमरिया की साझा संस्कृति की झलक उस वक्त देखने को मिली जब हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के सदस्य पुष्पगुच्छ लेकर ईदगाह पहुंचे। मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने कहा कि ईद केवल एक मजहब का त्योहार नहीं, बल्कि यह आपसी त्याग और मोहब्बत का वो जरिया है जो हमें इंसानियत से जोड़ता है। मंच के संयोजक राजेंद्र कोल ने पुष्पमालाओं से प्रशासन और समाज के लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर कृष्ण कांत तिवारी, आकाश पंडित और अल्ताब खान जैसे कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि उमरिया की गंगा-जमुनी तहजीब आज भी उतनी ही पुख्ता है।

### जिले भर में रही धूम

ईद की रौनक केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रही। बिरसिंहपुर पाली, नौरोजाबाद, चंदिया, मानपुर और अमरपुर जैसे







अंचलों में भी नमाज के बाद जश्न का माहौल रहा। दोपहर के बाद से ही मुबारकबाद का सिलसिला घरों तक जा पहुंचा। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाया। बच्चों के लिए यह दिन खास रहा, जिन्हें बड़ों से ईदी (उपहार) के रूप में खुशियां मिलीं।

### गरीबों का रखा ख्याल

गौरतलब है कि ईद का यह त्योहार केवल जश्न नहीं, बल्कि परोपकार का भी संदेश है। इस्लाम के नियमों के अनुसार, संपन्न लोगों ने जकात और फितरा के रूप में अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों में तकसीम किया। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि समाज का कोई भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति ईद की खुशियों से महरूम न रहे।

### इनकी रही गरिमामयी मौजूदगी

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने में हाजी इदरीश खान, मेंहदी हसन, अहमद सिद्दीकी, शेख सलीम, शकील खान, आफताब खान, शाहिद खान और शेख नफीस सहित समाज के प्रबुद्धजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशासन की मुस्तैदी और नागरिकों के सहयोग से यह पर्व उमरिया के इतिहास में एक और सुखद अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया दीवार लेखन

उमरिया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव व्दारा 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया है।अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों,कर्मचारियों, स्वयं सेवी संस्थाओ, समाजसेवियो, गणमान्य नागरिकों,जन अभियान परिषद से आव्हान किया है कि जल कि एक एक बूंद को संरक्षित करने के लिए सभी जन अपनी सहभागिता दर्ज कराएं,ताकि संरक्षित किया हुआ जल हमारी भावी पीढ़ी के काम आ सके।

इसी तारतम्य में जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कौडिय़ा एवं सलैया 13 में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यास धाम सेवा समिति के द्वारा दीवार लेखन एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। ततपश्चात जल को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सी एम सी एल डी पी छात्रा श्रेया तिवारी ग्राम व विकास प्रस्फुटन समिति सलैया 13 सचिव आनंद सागर सोनी परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी की घटनाएं आई सामने

कोतमा। नगर के बाजार क्षेत्र से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई है। आरोपी के द्वारा हाट बाजार के दिन कापरेटिव बैंक के सामने खड़ी दो पहिया बाइक को चोरी कर फरार हो गया।



बाइक चोरी की शिकायत मदनमोहन मिश्रा निवासी पयारी के द्वारा थाना में की गई। पुलिस ने आसपास लगे कैमरों की जांच करते हुए बाइक चोरी में शामिल संदिग्ध की फोटो सामने आई है। गाड़ी चोरी में संदेही कि फोटो को आस पास के थाने सहित क्षेत्र में वायरल कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने नगर वासियों से अपील की है कि फोटो में दिखने वाले व्यक्ति के संबंध में जानकारी होने पर थाने में सूचना दे सकते हैं।

## एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए किया जा रहा जागरूक

उमरिया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल ने बताया कि ग्राम नौगांव विकासखंड मानपुर की किशोरियों और ग्राम जन को साथिया ब्रिगेड बैठक एवं रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। इस गतिविधि में आर के एस के प्रशिक्षक पूजा पाण्डेय, हर्ष कुमार पाण्डेय, आशा दीदी प्रभा पटेल, उर्मिला पटेल, के साथ साथिया अंजुम पटेल, आकांक्षा पटेल विकास पटेल तथा ग्राम की किशोरिया उपस्थित रही । जागरूकता के दौरान बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष तीन माह तक कि किशोरी बालिका को एच पी वी का टीका निशुल्क लगाया जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सभी पात्र बच्चियां टीकाकरण कराएं ।

## जैतहरी नगर में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर जैतहरी नगर के सिन्धी समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से ईष्ट देव भगवान् श्री झूलेलाल जी की जन्मोत्सव जयंती मनाई गई, जहाँ सुबह से ही संपूर्ण सिन्धी समाज द्वारा नगर में अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों को बन्द रखते हुए सामुदायिक भवन में एकत्र होकर ईष्ट देव भगवान् श्री झूलेलाल साई जी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई, पूजा



अर्चना के बाद सिन्धी भजन और भगवान् श्री झूलेलाल जी की महा आरती की गई, महा आरती के बाद सामाजिक भोज का कार्यक्रम किया गया, जिसमे संपूर्ण सिन्धी समाज के प्रत्येक सदस्यों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया, भंडारे के पश्चात नगर भ्रमण हेतु ईष्ट देव भगवान् श्री झूलेलाल जी की बहराणा साहिब के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो समरसता पथ मे विराजमान भगवान् श्री झूलेलाल जी की आरती करते हुए वही से प्रारंभ की गई, शोभायात्रा समरस्ता पथ से प्रारंभ होकर पोलिस थाना जैतहरी, परशुराम चौक, सिन्धी धर्मशाला चेतन कुटी से होते हुए, जिला सहकारी बैंक चौराहा, सत्यनारायण मन्दिर, सेंट्रल बैंक, राम मन्दिर से मेन मार्केट होते हुए कमनिया गेट, सिविल लाइन, परमट मोहल्ला, गाँधी चौराहा, ताम्रकर मोहल्ला, जैन मन्दिर, अहिंसा चौक, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मिनी स्टेडियम, नगरपालिका चौक, हॉस्पिटल, पानी टंकी चौक से होते हुए, वार्ड नम्बर 09 के नया तालाब तक निकाली गई, शोभायात्रा मे संपूर्ण सिन्धी समाज द्वारा जगह जगह सिन्धी नृत्य छेंज की प्रस्तुति की गई, जो संपूर्ण नगर वासियों का मनमोहक था, संपूर्ण जैतहरी वासियों का हुजूम भगवान् श्री झूलेलाल जी के महोत्सव का जुलूस और छेंज नृत्य देखने हेतु उमड़ पडा था, संपूर्ण जैतहरी नगर में आयोलाल झूलेलाल के जयकारो के साथ उत्साह की लहर थी, शोभायात्रा मे सिन्धी पूज्य पंचायत के वरिष्ठ समाज सेवी राजाराम आहूजा, खेमचंद आहूजा, हरेश आहूजा, घनश्याम आहूजा, हरीश देवानी, महेश खटवानी, संजय खटवानी, शिवाजी चंचलानी, रमेश आहूजा, विनोद आहूजा और सिंधु नवयुवक मंडल जैतहरी के अमित कुमार आहूजा, पीयूष आहूजा, पंकज आहूजा, शेखर आहूजा, मोहित आहूजा सन्नी, पंकज पंजवानी, मुकेश देवानी, दुर्गेश देवानी, मोहित मोटवानी, दीपक खटवानी, आशु खटवानी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे, साथ ही जैतहरी नगर की सिन्धी समाज की सभी महिलाएं सरिता आहूजा, महक आहूजा, नीता आहूजा, शोभा देवानी सहित अन्य सभी सिन्धी समाज की महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहें।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

## नवाज अदाकर एक दूसरे को गले लगा कर दी ईद मुबारकबाद





हरिभूमि न्यूज कोतमा।

रमजान शरीफ के पाक व पवित्र महीना जिसमें तीस दिन रोजे रखकर तरावीह नमाज के साथ अल्लाह की इबादत की जाती हैं। रमजान का महीना खत्म होते ही चाँद का दीदार कर शनिवार 21 मार्च को मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे भारत मे ईद का त्योहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोतमा ईदगाह में भी शनिवार सुबह 9 बजे भारी पुलिस सुरक्षा के बीच ईद की नमाज अदा की गई। और देश के अमन चैन और खुशहाली की दुआ की गई। एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अजय सराफ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान, रफी अहमद, डॉ मो रिजवान, जेडी अंसारी, इरसाद अहमद, सरफ़ुद्दीन साहब, मो हलीम सौदागर, मो इसहाक, मो तौसीफ, मो भोनू औऱ नगर के तमाम प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को जिले भर मे हर्षोउल्लास एवं अकीदत के साथ मनाया गया।

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

कोतमा में ईद-उल-फितर पर पढ़ गए नमाज कोतमा नगर के इस्लाम गंज बनिया टोला मस्जिद के साथ लहसुई गांव के पास ईदगाह में ईद की नमाज अदा किया गया। नमाज अदा करने के साथ ही लोगो ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकवाद दी और अल्लाह से सबकी सलामती की गुजारिश किया। ईद के अवसर पर लोगो ने नये-नये कपड़े पहने और सेवइयां खाई। ईद के अवसर पर ईदगाह में मेले जैसा माहौल नजर आया दुकानदारों के द्वारा गुब्बारे सहित बच्चे के खिलौने की दुकान सजाई गई थी। ईदगाह में लोगों ने अपनी-अपनी पंसद के समानों एवं बच्चों ने खिलौना खरीदा। बच्चों ने झूले का भी आनंद लिया। विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वही ईद के नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन के अधिकारी भी मुस्तैद दिखे। नमाज के समय सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, सीएमओ प्रदीप झारिया एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

### कप्तान ने की अपील

पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने लोगों से ईद के त्यौहार को मिल जुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया और मुबारकवाद दिया है। ईद के त्यौहार पर मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारकबाद दी। एक दूसरे के घर जाकर सेवईयां भी खाया व हिन्दू समुदाय के लोग भी ईद की मुबारकबाद दी तथा सेवईया खाई। सुबह ईद की नमाज़ अदा करने के बाद मुबारकवाद दी गई।

### नगर पालिका ने की थी व्यवस्था

ईदगाह स्थल पर नगर पालिका कोतमा के सीएमओ प्रदीप झारिया के द्वारा छाया के लिए टेंट एवं पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा करवाई गई थी। ईदगाह स्थल पर प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पशु तस्करी के मामले में मो साजिद खान को सतना से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पुलिस टीम ने पशु तस्करी के मामले में कुख्यात पशु तस्कर अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू गैंग के सक्रिय सदस्य मो साजिद खान निवासी नजीराबाद थाना कोतवाली को सतना से गिरफ्तार कर कोतमा लाया गया है। शातिर आरोपी साजिद पशु तस्करी एवं आर्म्स एक्ट में लगभग 2 माह से फरार चल रहा था। जिसकी तालाश में टीम लगातार सतना जिले सहित आसपास में दबिश दे रही थी। जानकारी अनुसार आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ रंगदारी मांगने, पशु तस्करी एवं मारपीट के कई अपराध दर्ज हैं। जो कि आदतन बदमाश है। पशु तस्करी का शातिर आरोपी साजिद खान 36 वर्ष जो कि अड़ीबाजी करने के आरोप में सतना जेल में बंद था। जानकारी लगने पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के निर्देशन में पुलिस टीम सतना पहुंची और प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से आरोपी साजिद को कोतमा लाया गया। जांच टीम के अनुसार आरोपी से पूंछताछ सहित डायरी कार्यवाही की गई है। आरोपी ने बताया कि तस्करी के बाद मवेशियों को उत्तरप्रदेश के बूचड़खाने पहुंचाते थे। कोतमा पुलिस द्वारा पूंछताछ एवं कार्यवाही के बाद न्यायालय पेशकर वापस सतना जेल भेजा गया। जांच टीम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सतना जिला के विभिन्न थानों में भी पशु तस्करी, मारपीट, रंगदारी मांगने सहित आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। तस्करी मामले में फरार अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### महिला से 1.26 लाख लाख रूपए की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर कॉलोनी में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। शातिर ठग ने झांसा देकर महिला के खाते से 1,26,300 रुपये साफ कर दिए। जानकारी के अनुसार हेमलता उर्मलिया 38 वर्ष को ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रक की आवश्यकता थी। इसी दौरान उनका संपर्क मोबाइल नंबर 8858454161 के धारक से हुआ। आरोपी ने खुद को ट्रांसपोर्टर बताकर ट्रक बुकिंग की बात तय की। ठग ने विश्वास में लेने के बाद बुकिंग प्रक्रिया के नाम पर हेमलता के व्हाट्सएप पर एक QR कोड (स्कैनर) भेजा। आरोपी ने निर्देश दिया कि इस कोड को स्कैन करते ही बुकिंग कन्फर्म हो जाएगी। जैसे ही प्रार्थिया ने प्रक्रिया पूरी की, उनके बैंक खाते से किस्तों में कुल 1,26,300 रुपये कट गए। ठगी का अहसास होने पर जब महिला ने उक्त नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी ने फोन बंद कर लिया। पुलिस ने दर्ज किया मामलाघटना की शिकायत 17 मार्च की रात करीब 9:00 बजे माधवनगर थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और 319(2) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। साइबर सेल की मदद से उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन और बैंक ट्रांजैक्शन डिटेल खंगाली जा रही है।

### अलग अलग क्षेत्रों में हुई मारपीट की कई घटनाएं

**कटनी।** बरही, माधवनगर, कुठला और कैमोर थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनायें हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरही थाना अंतर्गत बिचपुरा रोड पर अनिल दुबे और बलिराम वर्मन के बीच विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों की शिकायतों पर परस्पर विरोधी मामले दर्ज किए हैं। इसके अलावा, ग्राम उबरा में भी खेत के विवाद को लेकर गयाराम पटेल के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। कैमोर थाना के ग्राम अमुवारी में कृष्णलाल कुशवाहा पर रवि, अंकित और वृंदावन कुशवाहा ने एकराय होकर हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर चोटें भी पहुँचाईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 118(1) और 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। माधवनगर थाना के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कृष्ण कुमार पटेल के साथ सतीश और एक अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की थी और इनकार करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**उमरियापान।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पोंडी खुर्द के बाजार मैदान स्थित भैरव बाबा मंदिर के समीप श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ।पहले दिन गुरुवार को गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा पंडाल पहुंची। ओंकारेश्वर से पधारे स्वामी उमाशंकर चैतन्य ने श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों का विस्तृत निरूपण प्रारंभ किया।

### क्वालिटी कंट्रोल लैब का निरीक्षण कर लिया जायजा

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत कटनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया में जिला स्तरीय क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण कर संधारित रजिस्टर और सह अभिलेखों का अवलोकन कर जायजा किया। इस दौरान सुश्री कौर ने लैब में तकनीकी संयंत्रों और उपकरणों को करीब से देखा और इनके उपयोग और टेस्ट रिपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में बारीकी से जानकारी ली। अभिलेखों का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने मटेरियल परीक्षण संबंधी जानकारियों को वृहद रूप से उल्लिखित करने हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार आदि मौजूद रहे।

# अनूपपुर की टीपी से हो रहा रेत परिवहन






**ब्यौहारी**-शहडोल जिले में रेत माफिया अब बेखौफ हो चुके हैं हरित को उमरिया एवं पुरी से लोड कराया जाता है और तप अनूपपुर की दी जाती है इस तरह दूसरे जगह की टीपी से भी रेत की चोरी की जा रही है 19 मार्च को सुबह नायब तहसीलदार सनी द्विवेदीद्वारा टोल प्लाजा भमरहा के पास सुबह 9:30 बजे पड़ा जिसमे उनके पास अनूपपुर की टीपी थी अनूपपुर से 7.50। सुबह टीवी कटी थी और 9:30 बजे व्यवहारी हाईवा पहुंच गया जो कि संभव नहीं है ऐसे चार हाईवा को पकड़ा गया है जिन पर कलेक्टर के निर्देशन पर कार्रवाई की जा रही है ट्रैकों में बालू शहडोल जिले एवं उमरिया जिले में सोन नदी से पर खदान मालिक द्वारा लोड करते हैं और ड्राइवर को टीपी अनूपपुर की जारी कर रहा है तहसीलदार ने टोल प्लाजा मलिक को




सख्त आदेश दिया है कि एक भी ट्रक टोल प्लाजा से निकलने ना पाए टोल मालिक द्वारा कहा गया कि अधिक गुंडागर्दी करते हैं तो हम क्या करेंगे तहसीलदार द्वारा कहा गया कि आप पुलिस बल की सहयोग ले लेंगे और एक गाड़ी 112 की और एक स्टाफ आपको मैं दिला दूंगा थाना प्रभारी से बोलकर अब देखना यह है कि यह रेत के ठेकेदार कहां तक अपनी मनमानी चला पाते हैं

#### इनका कहना है

सुबह 9:30 बजे चार हाईवा को पकड़ा गया है जिनके पास अनूपपुर की टीपी थी और सुबह 7:50 में काटी गई थी अनूपपुर से 2 घंटे में ब्यौहारी पहुंचना संभव नहीं है उनसे पूछताछ की जा रही है कुछ ड्राइवर हाईवा छोड़कर भाग गए हैं यह रेत पन्ना,रीवा अलग-अलग जगह की ओर जा रही थी अलग-अलग फार्मो के खरीदार है कलेक्टर के निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है।

**शनि द्विवेदी नायब तहसीलदार**

### ग्राम हिनौती में मंथर गति से चल रहा जल जीवन मिशन का कार्य

# दो साल बाद भी अधर में पड़ी योजना और पंचायत को थमाया 6 लाख का बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

हर घर में लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिल सके इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभियान की हकीकत धरातल में लोगों से बहुत दूर है। अभियान का जिम्मा संभालने वाले पीएचई विभाग के अधिकारी भी पलीता लगा रहे है।

बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत कूड़ा घनिया के आश्रित ग्राम हिनौती में 63 लाख रूपये की लागत राशि से जल जीवन मिशन अभियान का काम चल रहा है लेकिन दो सालो में अब लोगों को पीने का पानी योजना से नही मिल पाया है। जल जीवन मिशन अभियान का कार्य मंथर गति से चल रहा है, जिस कारण लोगों को पानी की व्यवस्था अपने निजी जल संसाधनों से करनी पड़ रही है। लोग आस ही लगाए बैठे है कि कब घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी।



ग्राम पंचायत को थमाया 6 लाख से अधिक राशि का बिजली बिल

गुरुवार को जब विद्युत विभाग बहोरीबंद के द्वारा सरपंच राम पाल यादव को नलजल योजना का 6 लाख रूपये से अधिक राशि का बिल थमाया गया तो सरपंच हक्का -बक्का रह गये। सरपंच का कहना था कि ग्राम पंचायत ने कोई नलजल योजना का कनैक्शन विद्युत विभाग से नही कराया फिर बिजली बिल काहे का। विद्युत कर्मियों का कहना था बिजली कनैक्शन हुआ है तो बिजली बिल जमा करना ही पड़ेगा तब पता चला कि जल जीवन मिशन अभियान का जब ग्राम हिनौती में कार्य शुरू हुआ तो पीएचई विभाग ने बिजली कनैक्शन करवाया था वही बिजली बिल है, जिसकी बकाया राशि काफ़ी समय से चल रही है।

सरपंच का कहना था कि पीएचई विभाग ने बिजली कनैक्शन संबंधित कोई भी जानकारी ग्राम पंचायत को नही दी, न ही जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत को हैंड ओवर की तो ग्राम पंचायत काहे को बिजली बिल राशि जमा करेगी। पीएचई विभाग बकाया बिजली बिल राशि जमा करें उसने बिजली कनैक्शन कराया था।

#### इनका कहना है

इस संबंध में उपयंत्री पीएचई विभाग अनिल चुमल्के का कहना है कि ग्राम हिनौती में जल जीवन मिशन अभियान का कार्य अभी चल रहा है। कार्य जब पूर्ण हो जायेगा तब ग्राम पंचायत को हैंडओवर किया जायेगा। हालांकि जब योजना के तहत काम शुरू हुआ तो ग्राम पंचायत के नाम पर बिजली कनैक्शन कराया गया। शासन के नियमों के मुताबिक योजना हैंडओवर हो या न हो कनैक्शन ग्राम पंचायत के नाम है तो बिजली बिल राशि ग्राम पंचायत को देनी पड़ती है।

## वृद्ध के साथ हुई धोखाधड़ी बाइक व गैस सिलेण्डर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत एक वृद्ध के साथ धोखाधड़ी की घटना हुई वहीं रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी हो गई। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र में एक स्कूल से 2 गैस सिलेण्डर बदमाशों ने पार कर दिये।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में शिवनगर कॉलोनी निवासी 79 वर्षीय उमेश कुमार नामदेव पिता स्व. छंगे लाल नामदेव के साथ उस वक्त धोखाधड़ी हुई जब वे चांडक चौक से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि अज्ञात तीन शातिर बदमाशों ने बुजुर्ग को अपनी बातों में उलझाया और बड़ी ही सफाई से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। बुजुर्ग को भनक तक नहीं लगी और बदमाशों ने उनके खाते से 15,000 रुपये नकद निकाल लिए। इसके अलावा एटीएम कार्ड और पासबुक के साथ कुल 30,000 रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

इसी तरह रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के मदन मोहन चौबे वार्ड में चोरों ने राजेश कुमार तिवारी की बुलेट मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने पार कर दी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बुलेट क्रमांक MP 21 MA 3766 हनुमान मंदिर के पास स्थित अपने घर के सामने खड़ी की थी। शाम करीब 3:41 बजे चोरों ने मौका पाकर वाहन चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

वहीं बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पौंड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहाँ अज्ञात चोरों ने स्कूल के रसोईघर का ताला तोड़कर मध्यान्ह भोजन के लिए रखे 02 एचपी कंपनी के भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी कर लिए।स्कूल प्रबंधन की ओर से संतोष सिंह पिता दुर्जन सिंह (53 वर्ष) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

*जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम चाका में हुआ आयोजित*

## जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ किया बड़ा तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को ग्राम पंचायत चाका के बड़ा तालाब में ग्रामीणों और समाज के साथ-साथ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व निगमायुक्त ने बड़ा तालाब में साफ सफाई के कार्य में श्रमदान किया। इस प्रकार जिले में तीसरे जिला स्तरीय जल गंगा सवर्धन अभियान का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान जल कलश यात्रा और जागरूकता रैली भी निकाली गई।

जिला स्तरीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक मुडवारा संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला



पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी साक्षी और सहभागी बने।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अगुवाई में कलश यात्रा और जागरूकता रैली का आयोजन करके जल एवं जल स्त्रोतों को संरक्षित और संवर्धन करने का संदेश दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में ग्राम चाका के बड़ा तालाब में श्रमदान करके तालाब की साफ-सफाई की गई। कटनी जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

इस मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। यह एक महज सरकारी कार्यक्रम नहीं है, इस कार्य में समाज और सरकार को साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम वर्षाजल को संरक्षित करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग करें। ताकि हमारी छतों में आने वाला बारिश का पानी व्यर्थ न बहे,बल्कि जमीन के नीचे पहुंचे।जिससे आस-पास के जल स्त्रोतों का भूजल स्तर बढ़ेगा।

### विधायक व कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद विधायक मुडवारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम चाका में करीब 1.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या सिंह परिहार, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह मौजूद रहे। विधायक श्री जायसवाल ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई के ठेकेदार प्रतिनिधि को निर्माणाधीन हाईस्कूल भवन के चारों दिशाओं से छत में आने वाले बारिश के पानी को सहेजने के उद्देश्य से वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्माणाधीन भवन को समय–सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने की हिदायत दी।

*बस स्टैण्ड ऑडीटोरियम में विक्रमोत्सव का हुआ आयोजन, सूर्य उपासना कर ब्रह्मध्वज की हुई स्थापना*

## सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का किया गया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के शुरूआत पर गुरूवार को बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में विक्रमोत्सव-2026 का भव्य और अविस्मरणीय आयोजन किया गया। यहां इस कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि-विधान से ब्रम्हध्वज की स्थापना की गई।

इस दौरान विधायक मुडवारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी, निगमायुक्त तपस्या परिहार, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शंशांक श्रीवास्तव, रामरतन पायल और अल्का जैन सहित संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा और पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहें। इस मौके पर संप्रेषणा नाटय मंच द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया और इनसे संबंधित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



प्रस्तुतियां दी गई। जिसे लोगों ने काफी सराहा।

इस मौके पर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट विक्रमादित्य न्याय, वीरता, शिक्षा, समय गणना सहित अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए जाने जाते है। नई पीढ़ी को उनसे सीख और प्रेरणा लेते हुए जीवन में इसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं, आप सभी शिक्षा पर भी विशेष और खास ध्यान दें। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने संबोधित करते हुए सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवसंवत्सर सृष्टि के आरंभ दिवस की अमृतबेला को हर्षोल्लास से मनाये जाने वाला पर्व है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम के अंत में नाटय दल के प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया।

## यात्रियों को राहत: कटनी होकर चलेगी एलटीटी-दानापुर समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**रेलवे ने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए एक बड़ी राहत दी है। यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT)-दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच प्रतिदिन 'विशेष किराये' पर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों— इटारसी, जबलपुर, कटनी और सतना से होकर गुजरेगी।**

रेलवे प्रशासन के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन दो चरणों में कुल 106 फेरे (Trips) लगाएगी। गाड़ी संख्या 01143 (LTT से दानापुर) यह ट्रेन 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक (14 ट्रिप) और फिर समर सीजन के लिए 15 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक (92 ट्रिप) प्रतिदिन चलेगी। यह सुबह 10:30 बजे मुंबई से छूटकर रात 21:10 बजे इटारसी, रात 02:25 बजे जबलपुर, सुबह 04:00 बजे कटनी और 07:10 बजे सतना पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01144 (दानापुर से LTT) वापसी में यह ट्रेन 2 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन चलेगी।

### 105 वर्ष की आयु में राम सिंह की माताजी का निधन, कोयलांचल क्षेत्र शोक में डूबा



**धनपुरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी कांग्रेस व वरिष्ठ श्रमिक नेता राम सिंह की पूज्य माताजी श्रीमती इंद्रवान का 105 वर्ष की आयु में 20 मार्च की रात्रि उनके निज निवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही धनपुरी सहित पूरे कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जैसे ही यह दुःखद समाचार लोगों तक पहुंचा, रात से ही परिजनों और नजदीकी लोगों का घर पर आना-जाना शुरू हो गया। सुबह होते-होते शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सामाजिक, राजनीतिक और श्रमिक संगठनों से जुड़े अनेक लोग उनके निवास पहुंचकर राम सिंह एवं उनके परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए।

स्वर्गीय श्रीमती इंद्रवान अपने सरल, सहज एवं हंसमुख स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। वे अत्यंत मिलनसार थीं और परिवार सहित आसपास के लोगों के बीच विशेष स्नेह रखती थीं। उल्लेखनीय बात यह रही कि 105 वर्ष की आयु में भी वे पूर्णतः सक्रिय थीं और अपने दैनिक कार्य स्वयं करती थीं, जो उनके मजबूत स्वास्थ्य और अनुशासित जीवनशैली का परिचायक था। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की गहरी छाया छा गई है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं, जो उनके जाने से गमगीन है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा और पूरे माहौल में शोक व्याप्त रहा। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि श्रीमती इंद्रवान का जीवन सादगी, संस्कार और सेवा का प्रतीक रहा है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप

### यूरोप से आए दंपति ने नवरात्रि पर भारतीय वेशभूषा में मां नर्मदा का किया दर्शन




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पावन नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा उद्गम मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर यूरोप से आए एक दंपति ने भारतीय परंपरागत वेशभूषा धारण कर श्रद्धा-भाव से दर्शन एवं पूजन-अर्चन किया। दंपति ने मंदिर पहुंचकर चंदन का तिलक लगवाया और विधिवत मां नर्मदा जी के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धापूर्वक माथा टेककर प्रणाम किया तथा मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलश के समक्ष लगभग 15 मिनट तक एकाग्र होकर निहारते हुए भाव-विभोर होकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान दंपति ने इशारों और अंग्रेजी भाषा में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें अमरकंटक नगर अत्यंत सुंदर लगा तथा यहां का मौसम भी बहुत सुहावना है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा और अमरकंटक के बारे में उन्होंने दिल्ली और बनारस में सुना था, जिसके बाद यहां आने की इच्छा हुई। दंपति ने मध्यप्रदेश एवं अमरकंटक के लोगों की सराहना करते हुए उन्हें बेहद सरल और सहयोगी बताया। दर्शन के दौरान वे "हर हर महादेव" और "नर्मदे हर" का उद्घोष भी करते रहे, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरौध में बालिकाओं ने उत्साह से कराया एचपीवी टीकाकरण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत में संचालित किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत खमरौध में उत्साह के साथ लक्षित बालिकाओं ने एचपीवी टीकाकरण कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरौध में टीकाकरण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए पहुंचे महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते तथा प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी पुष्पराजगढ़ डॉ आरके वर्मा ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें एचपीवी टीकाकरण के महत्व के संबंध में जानकारी दी।

### सामतपुर तालाब परिसर का सफाई कार्य हुआ प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर पालिका अनूपपुर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सामतपुर तालाब परिसर मे जमी गाजर घास के साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। सामतपुर तालाब परिसर को कचरा मुक्त करने के लिए आसपास के लोगों को स्वच्छता संबंधी जागरूकता का संदेश देते हुए उनसे स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।

### मजदूर कांग्रेस की मांग पर जल्द बनाया जाएगा ब्रेकर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर ने सहायक मंडल अभियंता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे शहडोल ब्रजेश कुमार पाण्डेय को एक लिखित ज्ञापन दिया की अनूपपुर पश्चिम दिशा में बने न्यू शिवम रेलवे कॉलोनी एवं रेलवे गुड्स सेड के बीच से बने नए सीसी रोड में दो पहिया और चार पहिया वाहन काफी तेज गति से निकल रहे हैं।

## ईद की नमाज के बाद गले मिलकर भाईचारा, मोहब्बत और अमन का दिया संदेश

# ईदगाह में अकीदत के साथ अदा हुई ईद की नमाज







### भाईचारे व सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई

ईद उल फित्र की नमाज पूरे अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ अदा की गई। पवित्र रमजान माह में एक महीने तक रोज़ा, इबादत, तरावीह और नेकियों में बिताए गए दिनों के बाद जैसे ही ईद की सुबह हुई, पूरे क्षेत्र में खुशी और रौनक का माहौल छा गया। मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर अल्लाह से अमन, खुशहाली और बरकत की दुआ मांगी। नमाज के बाद का नजारा भाईचारे और अपनत्व से भरा नजर आया, जब लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

हर वर्ग के लोगों ने आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम, एकता और इंसानियत का संदेश दिया। इस दौरान देश में शांति, तरक्की और सौहार्द बना रहे, इसके लिए भी दुआएं की गईं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जो नए कपड़ों में ईद की खुशियां मनाते नजर आए, वहीं बुजुर्गों ने अपने आशीर्वाद और अनुभवों से माहौल को और भी खास बना दिया। रमजान के महीने में इबादत, कुरान की तिलावत और जरूरतमंदों की मदद के बाद ईद का यह



त्योहार खुशियों और शुक्राने का प्रतीक बनकर आया। लोगों ने सादगी और आपसी सौहार्द के साथ इसे मनाते हुए समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मस्जिद के बाहर भी देर तक लोगों का जमावड़ा लगा रहा, जहां मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा।

जिले में आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद जिले भर मे शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। एक माह से चला आ रहा पवित्र रमजान का पावन महीना 21 अप्रैल शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह में नमाज अदा करने साथ समाप्त हो गया। जिले के कोतमा, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, बिजुरी, राजनगर, चचाई, रामनगर, भालूमाडा सहित जिले के विभिन्न ईदगाहों में सिर झुकाकर सजदा किया और विश्व कल्याण की दुआ मांगी गई।

### सुरक्षा बल और मोबाइल पेट्रोलिंग रहीं तैनात

जिला मुख्यालय अनूपपुर में प्रातः 9 बजे ईदगाह में ईद की नमाज मदीना जामा मस्जिद के हाफिज मो. सलमान द्वारा अदा कराई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम ने बताया कि ईद के मौके पर जिलेभर में 27 मस्जिद और ईदगाहों पर नमाज अदा की गई। जिलेभर के सभी थाना क्षेत्रों प्वाईंट बनाते हुए 300 सुरक्षा बल के साथ 13 मोबाइल पेट्रोलिंग तैनात किए गए थे। इसके सभी जगह शांतिपूर्वक नमाज अदाएगी के साथ पर्व मनाया गया है। वहीं लोगो ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस सभी जगहों पर तैनात रहीं।

### शव्वाल का चांद देखकर मनाया जाता है ईद का त्योहार

ईद का त्योहार शव्वाल का चांद देखकर मनाया जाता है, शव्वाल एक अरबी कैलेंडेर के महीने का नाम हैं, जो रमजान के महीने के बाद आता है शव्वाल की पहली तारीख को ईद उल फितर मनाई जाती है, ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। इस दिन लोगों के घरों में सेवई या फिर खीर के साथ-साथ कई बेहतरीन पकवान बनाए जाते हैं और फिर लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद पेश करते हैं। ईद उल-फितर यानी मीठी ईद रमजान के रोजा की समाप्ति पर सुबह से शाम तक मनाई जाती हैं और महीने भर के रोजा के दौरान शक्ति और धीरज प्रदान करने के लिए अल्लाह को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता हैं। ईद की तारीख हिजरी कैलेंडर की वजह से हर साल बदलती है, यह कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है, इसमें चांद की घटती-बढ़ती चाल के अनुसार दिनों की गिनती की जाती हैं, जब एक नया चांद दिखाई देता है और धार्मिक अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है। इसके बाद ही इस्लामी महीना शुरू होता है, नया चांद दिखने के आधार पर ही दुनियाभर में अलग-अलग दिनों में ईद का त्योहार मनाया जाता हैं। इस मौके पर जिला मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम, एसडीएम कमलेश पुरी, तहसीलदार (प्रशिक्षुक डिप्टी कलेक्टर) प्राशि अग्रवाल, ज्योति दुबे (पुलिस आरआई), कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

### कोतमा में जुहिला नदी के किनारे अल्लाह के सजदे में झुकाया सिर

ईद के मौके पर शनिवार को कोतमा ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगो ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। और एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदगाह स्थल पर प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहें। राजेन्द्रग्राम में भी ईद के मौके पर स्थानीय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुहिला नदी के किनारे बने मस्जिद में खुशियों के साथ नमाज अदा की तथा अल्लाह के सजदे में अपना सिर एक साथ झुकाया। जबकि भालूमाड़ा में ईद उल फित्र का पर्व सदभावनापूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाया गया। सुबह भालूमाड़ा ईदगाह में नमाज 9 बजे अदा की गई। नमाज अदाएगी की बाद उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद पेश की। कोतमा नगरीय क्षेत्र में पूर्व निर्धारित समयानुसार ईद की नमाज अदाएगी की गई। नमाज सम्पन्न होने के बाद सभी नमाजियों ने उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं जैतहरी नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल फितर में भी मस्जिद में नमाज अदा की गई।

### कानून व्यवस्था का लिया जायजा

ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना और भाईचारे की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने कानून एवं शांति व्यवस्था के तहत अनुभाग अनूपपुर, जैतहरी, पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा में कार्यपालक दंडाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई थी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईद-उल-फितर के मौके पर नमाज अदा की गई।




# चैत्र नवरात्रि पर नर्मदा मंदिर में 85 घृत ज्योति प्रज्वलित, 31 कलश

### कल्याण सेवा आश्रम में नौ दिनों तक संध्या काल हवन, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर अमरकंटक

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

मध्य प्रदेशत्र के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है। मां नर्मदा के उद्गम स्थल स्थित नर्मदा मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन के साथ 85 घृत ज्योतियां प्रज्वलित की गईं तथा 31 कलश स्थापित कर विधि-विधान से ज्वारे बोए गए। नवरात्रि के शुभारंभ पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। नर्मदा मंदिर के पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी 'नीलू महाराज' द्वारा संध्या 6 बजे विशेष पूजन कराया गया, जिसमें घृत ज्योतियों के प्रज्वलन और कलश स्थापना का धार्मिक महत्व बताया गया। वहीं, स्थानीय कल्याण सेवा आश्रम में नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रतिपदा से लेकर नवमी तक प्रतिदिन संध्या काल हवन का आयोजन किया जा रहा है। यहां मां भगवती अंबे की नियमित पूजा-अर्चना और अनुष्ठान पूरे श्रद्धा भाव से संपन्न होंगे। इसके अलावा शंकराचार्य आश्रम स्थित भगवती मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी घृत एवं तेल ज्योति प्रज्वलित कर कलश स्थापना एवं ज्वारे बोए गए हैं। मंदिर में नौ दिनों तक विशेष पाठ-पूजन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। चैत्र नवरात्रि के इस पावन पर्व पर अमरकंटक नगरी पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबी हुई है, जहां हर ओर श्रद्धा, आस्था और भक्ति की अलौकिक छटा देखने को मिल रही है।

## छात्रों ने छोड़ा कैंपस-वार्डन के कथित पीएफआई कनेक्शन की जांच की मांग

# जनजातीय विश्वविद्यालय में धर्मांतरण का आरोप

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय एक नए विवाद के कारण चर्चा में आ गया है। विश्वविद्यालय के सोन रिसर्च हॉस्टल से जुड़े कुछ छात्रों और सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया है कि परिसर में कथित रूप से धर्मांतरण के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके कारण कुछ शोधार्थियों को अपना एडमिशन रद्द कर विश्वविद्यालय छोड़ना पड़ा। जानकारी के अनुसार हॉस्टल के प्रशासनिक वार्डन डॉ. चार्ल्स वर्गीज़ पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने कुछ छात्रों को ईसाई धर्म स्वीकार करने और जीसस के मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों का दावा है कि उन्हें यह संकेत दिया गया कि यदि वे ऐसा करते हैं तो हॉस्टल आवंटन और अन्य सुविधाओं में उनके प्रति अनुकूल रवैया अपनाया जा सकता है। छात्रों के अनुसार इस कथित दबाव और विवादित परिस्थितियों के कारण कुछ शोधार्थियों ने अत्यधिक मानसिक तनाव में आकर विश्वविद्यालय में अपना एडमिशन निरस्त करवा लिया और अपने गृह राज्य बिहार लौट गए। इस घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में असंतोष और चिंता का माहौल बना हुआ है।

विवाद को और गंभीर बनाते हुए कुछ सामाजिक संगठनों ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉ. चार्ल्स वर्गीज़ के कथित रूप से कुछ विवादित संगठनों से संबंध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। संगठनों का कहना है कि इस मामले में पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) से संभावित संबंधों की भी जांच की जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉ. वर्गीज़ ने पूर्व में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कुछ विवादित टिप्पणियाँ की थीं। छात्रों का कहना है कि एक अवसर पर उन्होंने यह कथन किया कि कीड़े खाने में अधिक प्रोटीन होता है, जिससे कई छात्रों में असहजता और आक्रोश की स्थिति पैदा हुई। सामाजिक संगठनों का कहना है कि जनजातीय समाज के शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्य से स्थापित इस केंद्रीय विश्वविद्यालय में यदि इस प्रकार के आरोप सामने आते हैं तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। उनका मानना है कि यदि किसी छात्र पर किसी भी प्रकार का धार्मिक दबाव या प्रलोभन डाला गया है तो यह संविधान में निहित धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांतों के भी विपरीत है। छात्रों और सामाजिक संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षा मंत्रालय तथा संबंधित जांच एजेंसियों से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मां नर्मदा के तट पर किया गया सामूहिक स्वच्छता श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कुशल नेतृत्व में जिला अनूपपुर विकासखंड पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक में श्री नर्मदे हर सेवा न्यास संस्था द्वारा नर्मदा जी के दक्षिण तट पर सामूहिक सहभागिता से स्वच्छता श्रमदान कार्य किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण स्वच्छता एवं जनजागरूकता को बढ़ाना है। स्वच्छता श्रमदान अंतर्गत अमरकंटक में मां नर्मदा के दक्षिण तट पर श्रमदान कर सामूहिक सहभागिता से स्वच्छता का कार्य किया गया। जिसमें घाटों की साफ सफाई कचरा एवं उगी हुई जलकुंभी घास को निकाल एकत्रीकरण कर उचित स्थान पर निस्तारण किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात स्नान दर्शन कर मां नर्मदा के तट पर नर्मदाष्टक पाठ का उच्चारण एवं मां नर्मदा जी की आरती का गायन किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक उमेश कुमार पांडे ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है प्रत्येक नागरिकों को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 19 मार्च से 27 मार्च तक जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के प्रथम चरण मे विभिन्न जल स्त्रोतों की शाफ सफाई तथा जल संरक्षण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण गंगा अभियान 19 मार्च से 30 जून तक निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोत नदी तालाब कुंआ झरना हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं जिसका संरक्षण करना तथा स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक फत्ते सिंह, परामर्शदाता रमेश तिवारी, नवांकुर संस्था से चंद्रशेखर आजाद, ग्रामीण युवा विकास एवं बाल कल्याण संस्थान सेक्टर करपा से भगत गोयल, दीपक, बहुद्देशीय समाजसेवी संस्था सेक्टर बेनीवारी से सुमरत पड़वार, आजाद नवयुवक ग्रामीण विकास संस्थान सेक्टर दुधमनिया से मोहन चंद्रवंशी, देवेंद्र, नवयुवक लोक कल्याण संस्थान सेक्टर बसनिहा से महेंद्र कुमार, परामर्शदाता रिया जायसवाल, अमन त्रिवेदी, भजन सिंह, बब्बू चंद्रवंशी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।



# चचाई पुलिस की त्वरित कार्यवाही

### 24 घंटे में नाबालिग बालिका सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** जिले के थाना चचाई पुलिस ने एक नाबालिग बालिका की गुमशुदगी/अपहरण के मामले में उल्लेखनीय तत्परता का परिचय देते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 20 मार्च को फरियादिया द्वारा थाना चचाई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना चचाई में अपराध क्रमांक 72/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी नवीन कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राघव बागरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से 21 मार्च को नाबालिग बालिका को अनूपपुर जिले के बाहर से सुरक्षित बरामद किया गया। तत्पश्चात बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक किरण मिश्रा, प्रधान आरक्षक 112 अशोक वर्मन एवं आरक्षक 210 अनामिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।